खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

रजौली (नवादा) (आससे)। नगर पंचायत क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को खरना के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ का निर्जलाव्रत शुरू हो गया। शुक्रवार को नहाय खाय के बाद से ही चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत हो गई। शनिवार को खरना के दिन से व्रतियों ने 36 घंटे के निर्जला व्रत का संकल्प लिया। सुबह से ही व्रतियों एवं परिजनों में उत्साह देखने को मिला। घरों की साफ सफाई के बाद व्रती खरना के प्रसाद को बनाने में जुट गए। घर आंगन को गोबर और पानी से लीपा गया। नए चूल्हे पर आम की लकड़ी से खरना का प्रसाद तैयार किया गया। इसमें गुड़ की खीर, रोटी और केला मुख्य प्रसाद के रूप में बनाया गया। संध्या होते ही व्रतियों ने पहले विधि विधान से पूजा की। इसके बाद उन्होंने स्वयं प्रसाद ग्रहण किया, फिर परिजनों ने प्रसाद खाया। इसके बाद आसपास के लोग भी छठ व्रतियों के घरों में प्रसाद खाने के लिए पहुंचने लगे। पूरे क्षेत्र में प्रसाद का दौर देर शाम तक चलता रहा। लोग एक दूसरे के घर जाकर प्रसाद ग्रहण करते और छठी मैया की कृपा की कामना करते नजर आए। खरना के बाद व्रती निर्जला व्रत पर चले गए। अब वे रविवार की संध्या को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पारण होगा और 36 घंटे का कठिन व्रत समाप्त होगा। क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर भी तैयारी तेज हो गई है। पंचायतों और नगर पंचायत की ओर से घाटों की सफाई, पानी की व्यवस्था और रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। तालाबों और नदियों के किनारे घाटों को सजाया जा रहा है। स्थानीय युवकों की टोलियां भी घाटों पर साफ सफाई में लगी हुई हैं। बाजारों में भी छठ की रौनक देखने को मिल रही है। फल, सूप, दौरी, गन्ना, नारियल और पूजन सामग्री की दुकानों पर भारी भीड़ लगी हुई है। व्रतियों के लिए नए वस्त्रों की भी खरीदारी हो रही है। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से भी छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। भीड़ वाले घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। गोताखोरों और नाव की भी व्यवस्था रखने की बात कही गई है। कुल मिलाकर क्षेत्र में छठ को लेकर श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। खरना के प्रसाद के साथ ही अब सभी की नजर संध्या अर्घ्य और प्रातः अर्घ्य की तैयारी पर टिकी हुई है।



पकरीबरावां (नवादा) (संसू) के अनुसार चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया। अहले सुबह से ही व्रतियों एवं उनके परिवार के लोग प्रसाद निर्माण सामग्री की व्यवस्था में लग गए। पवित्र जलाशयों से लाए गए जल से प्रसाद निर्माण कर भगवान भास्कर एवं छठी मईया को भोग लगा पूजा अर्चना किया पूजा-अर्चना के पश्चात व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया और परिवार के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया। खरना अनुष्ठान के साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य तथा सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करेंगे। इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। छठ पर्व को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। घरों से लेकर छठ घाटों तक साफ-सफाई और तैयारियां जोरों पर हैं। चारों ओर छठी मैया के पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। बाजारों में चहल-पहल बढ़ी हुई है।

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर घाटों की साफ-सफाई

कौआकोल (नवादा) (संसू)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर कौआकोल प्रखंड के सेखोदेवरा छठ घाट पर स्वच्छता कर्मियों द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान घाट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई, ताकि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। स्वच्छता अभियान में स्वच्छता पर्यवेक्षक बृजेश्वर कुमार के नेतृत्व में कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर स्वच्छता कर्मी मनोज चौधरी, बीरबल चौधरी, सोनी कुमारी एवं सलोनी कुमारी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। स्वच्छता कर्मियों ने छठ घाट को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए लोगों से भी सहयोग की अपील की। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्व के अवसर पर घाटों की नियमित साफ-सफाई बेहद जरूरी है।

छठ पर्व को लेकर सजा फलों का बाजार, खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

नवादा। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर शहर में चहल-पहल बढ़ गई है। छठ पूजा की तैयारियों के बीच नवादा के मेन रोड स्थित फल गली में फलों का बाजार पूरी तरह सज गया है। बाजार में केला, सेब, संतरा, नारियल, अनार, मौसमी सहित विभिन्न प्रकार के फल दुकानों पर सजे हुए हैं। छठ व्रती और श्रद्धालु पूजा में इस्तेमाल होने वाले फलों की खरीदारी में जुटे हैं। फल गली में सुबह से ही खरीदारों की आवाजाही देखने को मिल रही है। दुकानदारों ने भी छठ पर्व को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में फलों का स्टॉक मंगाया है। महापर्व को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है और पूरा इलाका छठमय नजर आ रहा है। वहीं, दुकानदारों को इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है।

बीडीओ एवं थानाध्यक्ष ने विभिन्न छठ घाटों का लिया जायजा, तैयारियों का किया निरीक्षण

कौआकोल (नवादा) (संसू)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को कौआकोल बीडीओ डा. अखिलेश कुमार एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनील कुमार सिंह ने सेखोदेवरा समेत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बीडीओ ने छठ घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, रोशनी, पेयजल एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों को घाटों पर सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया।

बिहार सरकार

समाहरणालय, जहानाबाद
अल्पकालीन सूचना
(जिला विधि शाखा)

बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित, 2018) के अन्तर्गत जप्त वाहनों के मालिकों के लिए नोटिस:-

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहनों के मालिक को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत शराब के परिवहन के आरोप में जप्त वाहनों के मालिक को इस नोटिस के द्वारा संबंधित वाहन के मालिक/हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) नियमावली, 2023 (क) नियम 12 (क) के उप नियम (2) का शर्त में निहित उपबंधों के आलोक में प्रपत्र-4 में अपना आवेदन बीमाकृत मूल्य के 10% से कम और 05 (पाँच) लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। शास्ति (Penalty) की राशि खाते में जमा कराकर वाहन को छोड़ाने हेतु (यदि आप वाहन छोड़ाना चाहते हों तो) सुनवाई की निर्धारित तिथि क्रमांक-07 एवं 08 के अंदर अपना आवेदन अपने न्यायालय प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा-सह-प्राधिकृत पदाधिकारी (मद्यनिषेध राजस्व) जहानाबाद में प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्रम संख्या	वाहन का पंजीयन संख्या	वाहन/चेसिस का प्रकार	संबंधित थाना का नाम	थाना कांड संख्या	वाहन स्वामी का नाम/पता	सुनवाई की प्रथम तिथि	सुनवाई की द्वितीय तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	GJ33T-4337	सुजुकी डिजायर कार	हुलासगंज	52/2025	श्री विकास भरत भाई, जिला श्री पुष्कोत्तम भाई, मकीन-रहाडी पूरी, थाना-गढ़ाडा, जिला-बोटाद, राज्य-गुजरात, पिन 10-364750	17.11.2026	30.11.2026

निर्धारित अवधि तक कोई दावा/पक्ष व कागजात प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि वाहन से आपका कोई सरोकार नहीं, तदनुसार उक्त जप्त वाहन को बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (समय-समय पर यथा संशोधित) के प्रावधानों के अधीन नियमानुसार अधिहरित कर नीलाम कर दिया जायेगा। समय सीमा के बाद कोई सुनवाई मान्य नहीं होगी।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 015339 (LAW) 2026-27

जिला दण्डाधिकारी-सह-समाहर्ता, जहानाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

एसडीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

नवादा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित वातावरण में पूजा-अर्चना की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14.11.2026 को अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग द्वारा वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण



किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सूर्य मंदिर छठ घाट, मटकोरवा छठ घाट, साम्बे गांव छठ घाट, अपसढ़ तालाब छठ घाट एवं दौलतपुर सकरी नदी छठ घाट का जायजा लिया तथा वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को छठ घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं आवागमन की सुगमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि छठ महापर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष, वारिसलीगंज सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

गोलीबारी में दो युवकों के पैर में लगी गोली

नवादा। वारिसलीगंज नगर परिषद के कृष्णापुरी मुहल्ला स्थित ठाकुरबाड़ी के पास युवकों के बीच आपसी विवाद के बाद गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें गौरक्षणी मुहल्ले के दो युवकों के पैर में गोली लग गयी। इससे दोनों युवक जख्मी हो गये। दोनों को परिजनों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी लाया गया। वहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद विम्स पावापुरी रेफर किया गया है। इस घटना की सूचना के बाद पकरीबरावां एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी तथा थानेदार पंकज कुमार सैनी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार, गौरक्षणी मुहल्ला निवासी मुन्ना राम का 24 वर्षीय पुत्र अमन कुमार को किसी बात को लेकर शुक्रवार की सुबह ठाकुरबाड़ी निवासी शंभु पाठक के पुत्रों से विवाद हो गया था। दोनों के बीच मारपीट की घटना घटित हुई, तत्पश्चात देर शाम को पुनः दोनों युवकों के बीच विवाद बढ़ गया। इस बीच गोली चलने से अमन कुमार 24 वर्ष तथा अखिलेश कुमार 26 वर्ष के पैर में गोली लग गयी।

गोलीकांड के अनुसंधान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, तीन गिरफ्तार

अकबरपुर (नवादा) (संसू)। प्रखंड के नेमदारगंज थाना क्षेत्र में मिठाई व्यवसायी उत्तम उर्फ विकास कुमार को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कांड के अनुसंधान के दौरान



छापेमारी कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देसी कट्टा और एक देसी पिस्तौल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान छोटकी अंबा गांव निवासी अंकित कुमार उर्फ फ्लैट सिंह, धनवारा गांव निवासी अंकित चंद्र उर्फ आरके तथा नेमदारगंज निवासी नीतीश कुमार उर्फ मुतना के रूप में हुई है। इस संबंध में नेमदारगंज थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने शनिवार बताया कि पुलिस टीम 07 नवंबर की रात गोलीकांड के अनुसंधान और अग्रिम कार्रवाई के लिए छोटकी अंबा गांव में छापेमारी करने पहुंची थी। पुलिस को देखकर अंकित कुमार घर से निकलकर भागने लगा, जिसे खदेड़कर पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने गोलीकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त हथियार अपने घर में छिपाकर रखने की जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घर की तलाशी ली, जहां से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। इसके बाद उसने बताया कि एक पिस्तौल धनवारा निवासी अंकित चंद्र उर्फ आरके के पास है। पुलिस ने वहां छापेमारी कर उसके घर से मैगजीन लगा एक देशी पिस्तौल बरामद किया। पिस्तौल पर AUTO PISTOL MADE IN U.S.A. और बैरल पर 0.85MM अंकित था। पूछताछ में हथियार उपलब्ध कराने में नेमदारगंज निवासी नीतीश कुमार उर्फ मुतना का नाम सामने आया। इसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या-14 वर्ष 2026-27

चतुर्थ श्रेणी में निबंधित संवेदकों से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 21.11.2026 के अपराह्न 12:00 अपराह्न बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरणी :-

क्र0	सामग्री का नाम एवं विशिष्टताएँ	मात्रा	इकाई	उद्धृत की जानेवाली दर
1.	Name of Work – Supply of printed forms, office Stationary and Computer accessories to Office of The Executive Engineer, Gardanibagh Building Division, Patna for th e year 2026-27 (Part-B)			
	(i) Table calculator (Deli model no-W-39231)	6 nos	Each	
	(ii) Whitener (Kores, Eraser)	10 nos	Each	
	(iii) Fly leaf (Thick good quality with cloth strips at fold)	700 nos	Each	
	(iv) Fly leaf (Thick Medium quality with cloth strips at fold)	1500 nos	Each	
	(v) Fly leaf (Thick Odinary quality)	36 nos	Each	
	(vi) General Register(4 Zista)	24 nos	Each	
	(Vii) General Register(6 Zista)	36 nos	Each	
	(Viii) Fancy Register(4 Zista)	4 nos	Each	
	(ix) Issue Register(6 Zista)	4 nos	Each	
	(x) Dairy Register(6 Zista)	12 nos	Each	
	(xi) Acutance roll (4 zista)	12 nos	Each	
	(xii) Peon Book (2 zista)			
	(xiii) Dak Pad			

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 15 दिन

➢ विशेष जानकारी हेतु वेबसाईट वेबसाईट state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR- 015358 (B C D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

छठ को लेकर डीएम-एसपी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

नवादा। 14 नवम्बर 2026 को लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण तथा श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ चार दिनों तक अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं पवित्रता के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष छठ महापर्व का शुभारंभ 13 नवम्बर 2026 को नहाय-खाय के साथ हुआ है तथा 16 नवम्बर 2026 को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ महापर्व से पूर्व सभी घाटों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाए। घाटों पर कहीं भी मलबा, कचरा अथवा गंदगी जमा नहीं रहने दें तथा स्वच्छता व्यवस्था की लगातार निगरानी करें। छठ घाटों तक जाने वाली सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। इसके साथ ही घाट परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम, स्वच्छ पेयजल



एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन, नवादा को निर्देश दिया गया कि सभी प्रमुख छठ घाटों पर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों एवं जीवनरक्षक दवाओं के साथ मेडिकल टीमों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करें। साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को आवश्यक रूप से ब्रीफ करते हुए अस्पतालों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने रेलवे के संबंधित पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर रेलवे क्रॉसिंग से गुजरने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक सतर्कता बरतने तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप ट्रेनों की गति नियंत्रित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पटाखों के उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा सुरक्षा मानकों का सख्ती से अनुपालन कराने को कहा। घाटों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पटाखे छोड़ने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिले के कुल 149 महत्वपूर्ण एवं अतिमहत्वपूर्ण छठ घाटों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि अपने-अपने प्रखंड एवं थाना क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा विधि-व्यवस्था की सतत निगरानी रखें। जिला पदाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व के दौरान नदी घाटों, तालाबों एवं गहरे जलाशयों में श्रद्धालुओं, विशेषकर बच्चों एवं महिलाओं के डूबने की आशंका बनी रहती है। इसको देखते हुए सभी संवेदनशील एवं खतरनाक जलाशयों को पूर्व में ही चिह्नित कर वहां पर्याप्त बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया गया। श्रद्धालुओं को खतरनाक एवं गहरे पानी वाले क्षेत्रों में जाने से रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली को भीड़भाड़ वाले छठ घाटों पर अतिरिक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनी

नवादा। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती शनिवार को नवादा जिला कांग्रेस कार्यालय, रामनगर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। समारोह को संबोधित करते हुए प्रभाकर झा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत का सपना देखा और प्रधानमंत्री बनने के बाद शिक्षा, विज्ञान, बांधों, उद्योगों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत आधार प्रदान किया। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने देश को विकास एवं तकनीकी प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज देश में ऐसी विचारधारा सत्ता में है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों, भाईचारे और वैज्ञानिक सोच को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। नेहरू जी द्वारा स्थापित संस्थाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों पर लगातार प्रहार किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में युवाओं को नेहरू जी के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, धर्मनिरपेक्षता और समावेशी भारत की विचारधारा को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। प्रभाकर झा ने कहा कि पंडित नेहरू की दूरदृष्टि और उनकी विरासत देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि रजनीकांत दीक्षित, बेदामी देवी, विजय कुमार, रामजन्म सिंह, शक्ति सिंह, युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विपीन कुमार, सुल्तान अंसारी, संजय सिंह, रामाशीष कुमार, सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा, मुकेश कुमार, सूरजभान, शैलेंद्र कुमार एवं अरबिंद प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल-01, जमुई।
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-14/2026-27
(केवल ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

बिहार के राज्यपाल महोदय की ओर से बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम/अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय ख्याति के किसी भी एजेंसी में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से प्रतिष्ठत दर निविदा दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। यदि संवेदक बिहार राज्य के किसी कार्य विभाग/निगम में पूर्व से निबंधित नहीं है, तब एकरारनामा के पूर्व निम्नलिखित कार्य का स्वीकार पत्र (लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस) प्राप्त होने के बाद बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम (जिसमें निबंधन की प्रक्रिया लागू हो) में निबंधन कराना अनिवार्य होगा।

1. कार्यों की विवरणी :-

कुल संख्या	कार्य का नाम	परिसर किए की राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (ब्रीच लाईन सीड या बीच लाईन सीड में केनरा B.G. के रूप में (रूपये में)	परिसर-स्थित का मूल्य (कार्यालय/सीड केनरा ऑनलाइन सीड में मुल्यांकन) (रूपये में)	बीड डोकोमेंट शुल्क (अप्रतार्पणीय केनरा ऑनलाइन सीड में मुल्यांकन) (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)
01.	02	03	04	05	06	07
1	जमुई जिला अन्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखण्ड के मोहनपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य।	98.59143	197200.00	10000.00	e-proc 2 के वेब पेज से अनुसार	14 माह
2	जमुई जिला अन्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखण्ड के गौरव पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य।	55.87965	111800.00	10000.00	e-proc 2 के वेब पेज से अनुसार	14 माह

2. निविदा निर्गत करने की तिथि : दिनांक –06.11.2026
3. निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भिक की तिथि एवं समय : दिनांक 02.12.2026 को 10.00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री-बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक 18.11.2026 समय 1:00 बजे अपराह्न मुख्य अभियंता का कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, चतुर्थ तल, कमरा नं0-423, बेली रोड, पटना-800015
5. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 07.12.2026 समय 3.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 10.12.2026 समय 3.30 बजे अपराह्न से। (क्रमांक 5 में उल्लेखित अंतिम तिथि से दो कार्य दिवस के पश्चात् की तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी स्वीकृति द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
8. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन(निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद) कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन प्रमण्डल, कार्य प्रमंडल-01, जमुई।
10. निविदा केवल ई-निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा। ई-निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ई-मेल आईडीसी-eproc2support@bihar.gov.in, Working Hours 8:00 am to 7:00 pm से प्राप्त किया जा सकता है। ई-निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी eproc2.0 helpdesk, Address-mjunction services ltd., R.J. Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S.-Shastri Nagar, Patna-800014 से प्राप्त किया जा सकता है।
11. किसी भी प्रकार का शुद्धि-पत्र को वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना पूर्व सूचना के एवं बिना कारण बताए निविदा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन
कार्य प्रमंडल01, जमुई

PR- 015407 (Planning) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

दंगल प्रतियोगिता में सनी कुमार बने विजेता

सिरदला (नवादा) (संसू)। प्रखंड के अब्दुल पंचायत अंतर्गत पारकुरहा गांव में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने भाग लेकर अपनी कुश्ती कला और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। दर्शकों ने तालियों और उत्साह के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। पूरी प्रतियोगिता शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हीराकुरहा गांव के सनी कुमार ने अपने नाम किया, जबकि उपविजेता हीराकुरहा के बजरंगी यादव रहे। द्वितीय पुरस्कार हीराकुरहा के मनीष कुमार को मिला तथा उपविजेता अकबरपुर के मनु कुमार रहे। तृतीय पुरस्कार बेलहिटाड़ के शिबू कुमार ने जीता, जबकि उपविजेता गंभीरा के सुबोध कुमार रहे।

वहीं, चतुर्थ पुरस्कार कंबल कुरहा के कल्लू कुमार को मिला और उपविजेता नवेला के चंदन कुमार बने। इस मौके पर समिति सदस्य नंदलाल यादव, डॉ. विनोद कुमार, पैक्स अध्यक्ष सुशील कुमार, सुनील कुमार, प्रदीप पहलवान, रामस्वरूप प्रसाद यादव, अरविंद कुमार, पिंटू कुमार, धर्मेंद्र सिंह, सुशील प्रसाद, कैलाश यादव, उदय यादव, मनीष कुमार, पंकज कुमार, सुमन यादव और राजू यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

डिलीवरी ब्वॉय की बेरहमी से पिटाई, युवक हिरासत में

नवादा। नगर थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर स्थित एक फ्लैट में डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक युवक ने किसी विवाद को लेकर डिलीवरी बॉय की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल डिलीवरी बॉय को इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, घटना की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

अस्पताल में प्रसव के दौरान बच्चे की मौत पर बवाल

रजौली (नवादा) (आससे)। मुख्यालय स्थित अनुमंड